Surely, they are untouchables. The status of the backward community in the Hindu society is better than that of the Scheduled Castes and if that be the condition of the backward community in the State of Assam, then you can easily imagine what are the real conditions of the scheduled castes in Assam State.

A sum of Rs. 50,000 has been allotted by the Central Government for the Assam State for the removal of untouchability for the year 1953-54. If

untouchability does not exist then where is the necessity for granting this amount to that State? Does it not show that Mr. Srikant, Commissioner for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes, did not give any importance to the fact stated in the second report, because he sometimes failed to get correct reports even from many State Governments?

According to the definition of 'untouchables', the present Bill will cover not only the scheduled castes but also the non-Hindu untouchables like the Christians, Muslims and Tribals etc. I would like to give the population figures of untouchables in my State. The total population of the Assam State was about 90,43,707. There are certain communities who are untouchables according to the definition, such as—Muslims, Christians and Tribals, but they do not care for untouchability. As for an instance—in Assam the total strength of Muslims—19,96,000, Tribals—17,35,000 are untouchables but do not care for untouchability.

The Christian population is 5,85,399 and some of the Tribals are Christians. Among the Hindu community, garden labourers, those who have been recruited from different States and who have been considered there as Scheduled Castes and Scheduled Tribes, are included in the backward class list in Assam. Their population is about 11 lakhs and they are untouchables. The Scheduled Caste population is 4,24,000 and other untouchable backward communities have the population of 7 lakhs. Therefore, about 59 lakhs of pepole are untouchables in the State of Assam; that is, nearly 65 per cent. of the total population are untouchables of which about 22 lakhs are Hindu untouchables. Then, one may say that non-Hindu untouchables have not been so long taken into consideration. Therefore, I would like to cite another instance from my district. The total population of my district is 11,15,000. More than one third of the population are non-Hindus and if we subtract this figure it will come to about 7 lakhs. Out of these 7 lakhs Hindus, 5 lakhs are untouchables—1 lakh Scheduled Caste people, 2 lakhs garden labourers and 2 lakhs people belonging to the backward communities. Therefore, in my district 70 per cent. of the total Hindu population are untouchables.

I have given these figures with some object; firstly to remove from the minds of hon. Members in this House and the Government, the wrong impression to the fact that untouchability does not exist in Assam; and secondly, to impress that injustice should not be done to our State in future while giving grants by the Central Government. Assam State with a population of 90,43,707, of which about 65 per cent. are untouchables, has been allotted a sum of Rs. 50,000 for the removal of untouchability, whereas Manipur State having a total population of 5,77,635 has been allotted Rs. 75,000. Thirdly, Sir, I want to point out that not a single Member from Assam has been taken in the Select Committee on this important Bill.

[PANDIT THAKUR DAS BHARGAVA *in the Chair*]

I would like to remind my friends.....

Pandit D. N. Tiwary (Saran South): On a point of order, Sir, I want to know whether we are discussing the report or this legislation?

Mr. Chairman: What is the point of order in the hon. Member wanting to know what we are discussing?

Shri Laskar: I would like to remind my friends who are entrusted with the privilege of selecting or nominating members to Select Committees, or any other committees or Boards, that they should also keep in mind that there is a Part A State named Assam in the Indian Union.

Very soon we are having this sort of social legislation. Now let us see how far this will work in society. There are so many Social Disabilities

[Shri Laskar]

Acts in force in various States, but practically with no result. We find from the Commissioner's last report that Scheduled Caste people are not even allowed to enter the post offices. We also find that Scheduled Caste students are not given admission in schools.

Shri D. C. Sharma (Hoshiarpur): On a point of order, Sir. You have ruled that no Member should approach the Chair asking for allowing him to speak, whereas I find that an hon. Member is talking to you

Mr. Chairman: Order, order. Any point of order should not be raised in such a light manner. I have never ruled anything like that. Members have been approaching me, sending me chits and so on, and it has not been ruled that no Member should approach the Chair. Such like point of order ought not to be raised in the House to incite laughter.

Shri D. C. Sharma: Sir, I think the Deputy-Speaker once said that no Member of the House should approach the Chair for permission to speak. It is in the proceedings.

Mr. Chairman: The hon. Member was pleased to say that I had ordered this, which is quite wrong. The Deputy-Speaker might have done so on some previous occasion about which I do not know.

Shri Laskar: Acharyya Vinoba Bhaveji was attacked while taking some Harijans to the Baidyanath temple and some of the scheduled caste Members of Parliament and Legislatures were not allowed to enter the Viswanath Temple of Banaras with some Harijans. What are the reasons behind such actions? Social legislations require full co-operation from the Governments as well as from the people to make them effective. I think it is lacking from both sides. Mr. Srikant has also stated in his report:

> "The contention of State Governments of Madhya Pradesh, West Bengal, Travancore-Cochin, Bilaspur and Delhi, that no cases of untouchability occur in their States, is not correct."

Does it not show that the Governments do not like to take things seriously, but they take them very lightly? In another place he has mentioned:

> "No efforts have been made by the non-official organisations to get together and launch a country-wide propaganda for the purpose."

Without whole-hearted co-operation from both sides this sort of legislation will be a 'dead letter' in the statute-book like the Sarda Act.

The high caste people can take this responsibility and can eradicate the vicious sentiment of untouchability if they, sincerely and earnestly, so desire.

It is a fact that the Scheduled Caste people are suffering from some sort of inferiority complex due to the long-standing suppression and oppression from a group of high caste people. A section of the high caste people are also suffering from inferiority complex of being a little afraid of Scheduled Caste pepole. They utilise untouchability as a weapon to keep their position high in society and put down the position of untouchables to a low level. By this sort of legislation the untouchables will get courage to shake off their inferiority complex because they will feel that the law is with them, and also because the section of the high caste people will realise that the law will not spare them if they infringe any of the provisions of this Act. Therefore, this Act will surely bring some mental changes among both sections. Along with this legislative measure, there should be country-wide social campaign for the social and economic uplift of the downtrodden people which will bring unity, fraternity and equality as provided in our Constitution.

In conclusion, I would refer to the fact that our country has attained a

status in the international sphere during this short period after independence. It is due to our Prime Minister and also due to the fact that we all stand united behind him. Communalism, casteism and such other things will disturb our unity. We shall not allow these to proceed. Untouchability is one phase of casteism. This must be condemned, eradicated and wiped out from society. If we fail to do this, our hard-won freedom will be at stake in future. With these words I suppoort the Bill.

सेठ गोविन्द दास (मंडला जबलपुर दक्षिण) : सभापति जी, मैं गृह मंत्री जी को इस विधेयक के यहां उपस्थित करने के लिये हार्दिक बधाई देता हूं। स्वराज्य प्राप्त होने के पश्चात् सरकार ने अनेक महत्वपूर्ण विधेयक यहां पर उपस्थित किये और मेरा मत है कि उन सब विधेयकों में इस विधेयक का श्रेष्ठतम स्थान है। जब हम संविधान बना रहे थे उस समय हमने अस्पृश्यता को एक जुर्म करार दिया और यह आवश्यक था कि संविधान बनाने के पश्चात् इस प्रकार का विधेयक यहां पर बहुत शीघ्र उपस्थित होता, फिर भी यदि दिन भर का भूला भटका रात को भी घर आ जाये तो वह भूला भटका नहीं कहलाता। देर से ही क्यों न हो, यह विधेयक हमारे सामने उपस्थित हुआ।

हमको अपने देश में जो कुछ हो रहा है उसमें से अनेक बातों पर गर्व है। निर्माण की हमारी जो योजनाएं चल रही हैं, मैं समझता हूं कि उस प्रकार की योजनाएं इस संसार के बहुत कम देशों में चलती हैं। हमारी वैदेशिक नीति जितनी दूरी तक सफल हुई है, और हो रही है, उस पर भी हम को गर्व है। परन्तु हमारी जो कमजोरियां हैं उन की तरफ से भी हम अपनी आंखें नहीं मूंद सकते। जहां तक अस्पृश्यता का सवाल है इस बात को स्वीकार करना ही होगा कि इस सम्बन्ध में अभी भी हमारी अनेक कमजोरियां हैं। मुझे एक घटना का स्मरण आता है। मृत्यु के पूर्व गांधी जी, जिस समय यहां पर एशियन कान्फरेन्स हो रही थी, उस में गये थे। उन्होंने उस समय अपने भाषण में एक बात कही थी कि यदि विदेशियों को इस देश का सच्चा रूप देखना है तो वह बम्बई में, कलकत्ते में, दिल्ली में या इस प्रकार के नगरों में देखने को नहीं मिल सकता। इस देश का सच्चा रूप गांवों में देखने को मिलता है और गांवों में भी अस्पृश्यों के घरों में। गांधी जी हमारी कमजोरियों को भी हमारे सामने और संसार के सामने उपस्थित करने में कभी पीछे नहीं रहते थे। वे हमारी कमजोरियों को बुलन्द से बुलन्द आवाज में हमारे देश के सामने उपस्थित करते थे और उन को इस बात का कदापि भय नहीं होता था कि उन कमजोरियों को जानने पर दुनिया के लोग हमें क्या कहेंगे। अस्पृश्यता हमारी उसी प्रकार की कमजोरी है। इस प्रकार की कमजोरियों से विदेशों में भी हमारा मस्तक बहुत नीचे झुक जाता है।

मैं आप को अपने दो तजुर्बों को बतलाना चाहता हूं। जिस समय न्यूजीलैंड में कामनवैल्थ पार्लियामेन्ट्री कान्फरेन्स हो रही थी, और मैं उस कान्फरेन्स में दक्षिण अफ्रीका के रंग भेद के विषय में कुछ कह रहा था तो दक्षिण अफ्रीका का एक प्रतिनिधि उठ कर बोला कि आप के देश में अनटचेबिलिटी की क्या स्थिति है? मैं ने उत्तर दे दिया कि हम अपने संविधान के जरिये उस को समाप्त करने वाले हैं क्योंकि उस समय तक यह काम हुआ नहीं था। कैनाडा में फिर वही बात हुई। कैनाडा में भी जब मैं दक्षिण अफ्रीका के रंग भेद के लिए मैं कह रहा था तो फिर दक्षिण अफ्रीका का एक प्रतिनिधि खड़ा हुआ और उस ने कहा कि अनटचेबिलिटी का भारतवर्ष में क्या हाल है। उस समय हम अनटचेबिलिटी अर्थात् अस्पृश्यता को अपने संविधान में समाप्त कर चुके थे, मैं ने तत्काल उत्तर दे दिया कि हम इसे समाप्त कर चुके हैं पर उस ने फिर कहा कि कानून से समाप्त करने में कोई चीज समाप्त नहीं होती, व्यवहार में उस के समाप्त होने के संबंध में क्या हुआ है? सभापति जी, मैं आप से कहना चाहता हूं कि सत्य के नाम पर मेरे पास इस का कोई उत्तर नहीं था। हम ने संविधान में अस्पृश्यता को

[सेठ गोविन्द दास]

समाप्त कर दिया है, इस में सन्देह नहीं, परन्तु हमें सत्य के नाम पर इस बात को स्वीकार करना होगा कि व्यवहार में अब तक हम उसे समाप्त नहीं कर सके हैं ।

मैं इस बात को मानता हूं कि परिस्थिति में परिवर्तन हुआ है । यदि हम पुराने समय को देखें और आज के समय को देखें तो जो लोग सार्वजनिक जीवन में रहे हैं, सन् १९२० से, उन को यह परिवर्तन स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है । जिस समय गांधी जी ने सब से पहले अस्पृश्यता की आवाज को उठाया था उस समय अस्पृश्यता की जो अवस्था थी आज वह अवस्था नहीं है । अस्पृश्यता से हम गांधी जी के समय के भी पूर्व से लड़ रहे हैं । स्वामी दयानन्द सरस्वती ने आर्य समाज के द्वारा इस विषय में बहुत बड़ा काम किया था । आधुनिक भारत के दो सब से बड़े आदमी हैं । एक स्वामी दयानन्द सरस्वती और दूसरे महात्मा गांधी । दोनों गुजरात में पैदा हुए और गुजरात को इस बात का गर्व है कि इस प्रकार के महज्जनों को उस ने जन्म दिया । अस्पृश्यता के खिलाफ हमारी लड़ाई बराबर चली आ रही है । संविधान में अस्पृश्यता को समाप्त करने के पश्चात् और इस विधेयक को विधि के रूप में परिणत करने के पश्चात् भी हम सब का यह कर्त्तव्य होना चाहिये कि जिस जिस क्षेत्र में अस्पृश्यता है, जिस जिस क्षेत्र से हम यहां पर आते हैं, या हमारी विधान सभाओं के सदस्य जिस जिस क्षेत्र से आये हुए हैं उन सब को इस बीमारी के खिलाफ जिहाद हो । जब तक हम यह नहीं करेंगे तब तक इस प्रकार के विधेयक से हमारा पूरा काम नहीं चल सकता । मैं इस बात को मानता हूं कि यह विधेयक भी हमें बहुत दूर ले जायेगा, लेकिन इस विधेयक के साथ साथ हमें जनमत बनाने का भी प्रयत्न करना होगा । कोई भी इस प्रकार का सामाजिक विधेयक तब तक कार्य रूप में परिणत नहीं हो सकता जब तक कि जनमत भी परिवर्तित न हो ।

मैं हृदय से इस विधेयक का समर्थन करता हूं । मैं आशा करता हूं कि इस विधेयक में जो बातें कही गई हैं उन को कार्य रूप में परिणत करने में सरकार भी सदा कटिबद्ध रहेगी ।

Mr. Chairman: I have a list of 25 Members with me who desire to take part in this debate, and even if I am to give ten minutes to each of them, the time at our disposal will not be sufficient to give opportunities to all those who are desirous of speaking on this Bill. I would, therefore, appeal to all Members, who are taking part in this debate, to be as brief as possible.

Shri P. Ramaswamy (Mahbubnagar —Reserved—Scheduled Castes): At the outset, I must admit that I find myself in an embarrassing position. I do not know whether I should welcome the Bill or condemn it outright.

Untouchability was the greatest sin perpetrated by one section of humanity on the other. There is no parallel in comparative history. The racial and other indiscriminations, communal and religious hatreds that the world has known, fall into insignficance when they are compared with the crime of untouchability. All this went on for hundreds and thousands of years, and in the name of religion, which professes that God is omni-present and every human soul is a particle of the great soul, God It was a herculean task that Gandhiji achieved in a short time of few decades. His battle against orthodoxy is a recent history and forms part of our times. I do not say that everything has been achieved and no untouchability in any form or shape is practised. No, it is not so. Untouchability persists in spite of Gandhiji's spirit and his teachings and example pervading the country, but the point is whether this untouchability can be dealt with by measures like the present one. Doubt arises in my mind whether the present Bill would help us in improving our lot.

Let us look at the present problem. Untouchability in crude form, generally speaking, does not exist, and yet there is no real fusion in the society.

Society is not one, and looking at the caste feelings that dominate people's minds today, it will be a long journey to reach the goal of one people to one nation. So, the problem is psychological, and it cannot be handled fully by the present Bill. This is my embarrassment, and I feel that a proper remedy is not being applied to the disease. Social education is needed to eradicate untouchability, root and branch.

In spite of these short-comings, I feel I must welcome the Bill. Such a Bill was overdue. Let no fanatic create the sensation by his dogmatic adherence to the old, outworn ideas and customs. No doubt, this will be the advantage, rather the main one, namely, that this Bill would bring to his senses any fellow who still lives in his own world and does not take cognizance of the changing world that we are living in. but the point is: why then this Bill was delayed for such a long time? We achieved independence in 1947; this is 1954. Seven long years have passed. If we could pass the Preventive Detention Act in two days, could we not pass such a legislation? There is, and there was some opposition to the Preventive Detention Act, but there was never any opposition in this House to such a measure. This, I can say with confidence. Therefore, what reply can the Home Minister offer for such a delay?

I would make my position clear if I refer to some provisions of the Bill. It is common knowledge that in every village and even in the towns and cities, Harijans live in separate localities and they have no access to the localities where high castes generally live. Apart from the economic factor, the social factor persists. I am referring to the social factor here. How can this Bill help the Harijan to purchase or take on rent a house in the locality of the high caste people? No doubt, the seller will not sell his house to a Harijan simply because he is Harijan, and yet it will be very difficult to bring him within the purview of this Act. He will have thousand escapes. He can say, 'I have already sold or I do not want to sell.' The other caste Hindus might increase the bid. In short, unless the seller himself and other members of the locality do not desire or welcome it, it will be an impossible task for a Harijan to get a place in the caste-Hindu locality. The same is the case with many of the Government services and agricultural lands. The other day, when the motion was moved, it created laughter when the hon. Home Minister referred to the case of a barber. It is no more a matter for laughter; it presents a real difficulty. If we laugh at it, it is only to cover our inability. We know we cannot solve it: therefore, the best escape is to laugh it away.

While moving the Bill for reference to the Select Committee, the hon. Home Minister made certain points. I would like to say a word or two in that connection. He laid the greatest stress on creating a psychological atmosphere without which he rightly felt that the purpose of the Bill could not be fulfilled. So far as this point is concerned, he made it perfectly clear. How to create that psychological atmosphere? Does the hon. Home Minister feel that Government have nothing to do in this regard? If so, we will be glad to hear what is it that Government propose to do. Mere propaganda by the private persons will not achieve any results. Such a propaganda would be effective when it is backed by the Government actions.

I take this opportunity of suggesting a few steps that Government should take. The social problem is interrelated with economic problems. If the economic conditions of the Harijans are better, it will help that psychology. Harijans have to be economically rehabilitated This is a gigantic task and it should be taken up on a great scale. Our country has made a great name in rehabilitating 80 lakhs of refugees. This was a great task. More than Rs. 200 crores have been spent. I am all admiration for the Government. Such a Government should confidently come forward to re-

[Shri P. Ramaswamy]

habilitate crores of untouchables. Harijans have the same right on the Government as the refugees had. The refugees were dispossessed recently. We were dispossessed some thousands of years before. Our condition is more pitiable. Practically, we own no property, no land, and have no means of livelihood. The result is that whenever there is unemployment, we are the first victims. Unless all the non-Harijans are employed, we have no chance. As a result, we are pushed up into jobs that are not only the dirty ones but also pay the least. Thus, in utter misery and poverty, we have lived through ages. All skilled work has been snatched away from us. We depend upon nothing else but unskilled manual labour. Therefore, the first duty of the Government is to provide us with employment. We must get a fair quota of the land.

There should be no village where the Harijans are not allotted at least 10 per cent. of the total land. This is not a drastic demand. It is a very moderate one. At least all the land that is reclaimed, is obtained through progressive legislation. They should first be allotted to the Harijans till the quota is fulfilled. Village industries, cottage industries and small-scale industries as well as handicrafts should be made to flourish. In short, full employment is to be provided. Cannot Government spend a few crores over such an urgent task? Looking at the way they handled the rehabilitation work, it is not too much to expect from this Government that they should come forward and set apart a few crores for this work.

We have to fight separatism. In these days, separate hostels are coming forth; every community and caste has got a separate hostel in every big city. These hostels foster feelings of separatism in the young minds. I suggest to the Government to make it compulsory for every hostel to admit ten per cent. of the Harijan students. This will help in creating fusion of the society. If there should be no separate temples and no separate wells, why should there be separate hostels?

Gandhiji was a great practical man. He had suggested one remedy which, in my opinion, is the best for creating this fusion. He had appealed to every patriot to adopt one Harijan boy or a girl and bring up him or her along with his children. If a few thousand people would have come forward and acted upon it, that would have immensely helped the situation. This, he had said after many years of his following it himself. He had adopted a Harijan girl by name Lakshmi Devi. She was an inmate of Sabarmati *Ashram*. Cannot the Government think of encouraging such gestures and other methods like inter-caste marriages?

Lastly, the Harijan M.P.s, without distinction of their political parties, should be asked to take a decision in this regard, and that decision should be recommended to the Parliament for its acceptance *in toto*.

स्वामी रामानन्द शास्त्री (जिला उन्नाव व जिला रायबरेली, पश्चिम व जिला हरदोई, दक्षिण पूर्व, रक्षित, अनुसूचित जातियां) : आदरणीय सभापति महोदय:.....

Shri Nand Lal Sharma (Sikar): Is he on the Committee?

Some Hon. Members: Yes; he is.

Mr. Chairman: I am very sorry. Let us follow the convention. The convention is that those who are on the Select Committee are not to be called upon to speak. I am very sorry.

Shri Ramananda Das (Barrackpore): He is not on the Select Committee.

Some Hon. Members: He is not on the Select Committee.

Mr. Chairman: Then certainly he can go on.

स्वामी रामानन्द शास्त्री : सभापति महोदय....

Shri U. M. Trivedi (Chittor): On a point of order. So far, the convention has been that for every two Members of the Congress Party, one Member of the Opposition is called upon to speak. But, now, in the discussion of this particular Bill, five Members of the Congress Party have been called and only one Member of the Opposition has been called.

Mr. Chairman: As a matter of fact, I do not know of any convention by virtue of which two Members of the Congress and one Member from some other party should be called. It has not been the practice in this House, and especially in a social measure like this, there is no question of paty at all. The Congress Members are quite free to vote also. I do not think this should have been made a matter of grouse on the floor of this House. On the contrary, I will call upon all Members of the House, irrespective of the party to which they belong, to speak on this measure.

Dr. Ram Subhag Singh (Shahabad South): Even if there is any such convention, that convention should not be honoured now, for this Bill.

Mr. Chairman: There is no such convention. If a convention was there, and only the question of numbers was there, I think that for every six or seven Members from the Congress Party, only one Member from any other party could be called. But this will hardly be palatable to the other parties.

स्वामी रामानन्द शास्त्री : सभापति जी, मैं आपको हृदय से धन्यवाद देता हूं और अपने होम मिनिस्टर साहब को धन्यवाद देता हूं कि भारत की कई करोड़ पददलित जनसंख्या के उद्धार के लिए हमारे भगवान कैलाशनाथ जी कैलाश से यहां पर आ गये हैं जैसा कि मैं ने पहले सेशन में भी कहा था। इस सम्बन्ध में मैं उनको कोटिशः धन्यवाद देता हूं कि वे उन जातियों के उत्थान के लिए, जो कि हजारों वर्ष से पददलित थीं, यह विशेष विधेयक लाये। यह सेलेक्ट कमेटी में उनको विचार करना चाहिये और उसके लिये मुझे पूरी आशा है कि वह उसको कार्यान्वित करने के लिये भी पूरा प्रयत्न करेंगे। अब मैं अपने विषय पर आता हूं। सबसे पहले तो मुझे यह कहना है कि हमारे शर्मा जी जानते थे कि शास्त्री जी तो जरूर शास्त्रीय चर्चा इस बारे में करेंगे, इसलिये जानबूझ कर उन्होंने अपनी आपत्ति उठायी ताकि मैं आउट हो जाऊं....

Shri Nand Lal Sharma (Sikar): I beg his pardon, Sir, I did not do it in order to obstruct him.

स्वामी रामानन्द शास्त्री : सिवाय मुझे बोलने से वंचित रखने के अलावा और क्या वजह हो सकती है जो शर्मा जी ने....

श्री डी० सी० शर्मा (होशियारपुर): शर्मा जी ने कहा, यह न कहा जाये, नंद लाल शर्मा ने कहा ऐसा कहा जाये क्योंकि हाउस में बहुत से शर्मा हैं।

Mr. Chairman: When the hon. Member has expressed regret, the matter should be treated as closed.

स्वामी रामानन्द शास्त्री : सर्वप्रथम तो मुझे यह कहना है कि इस प्रकार का बिल तो आज से बहुत पहले, हजारों वर्ष पहले, पास हो जाना चाहिये था। शास्त्रों में ऐसा लिखा है और अथर्ववेद जिसको हम सब हिन्दू भाई मानते हैं उसमें लिखा है, लेकिन इस समय मुझे वह श्लोक नहीं याद आ रहा है वह बाद में मैं पेश करूंगा। पहले मैं पढ़ने के बारे यजुर्वेद के २६वें अध्याय का जो दूसरा मंत्र है वह मैं आपको बतलाना चाहता हूं। वह इस प्रकार है :

यथेमां वाचं कल्याणीं आवदानि जनेभ्यः।
ब्रह्मराजन्याभां शूद्राय चारणाय च स्वाय॥

यजुर्वेद मन्त्र (२) अध्याय (२६)

वह वेद वाणी जो कि समस्त संसार के लिये कल्याणकारी है, प्रत्येक मनुष्य नौकर चाकर, मालिक, ब्राह्मण, क्षत्री, वैश्य और शूद्र सबके लिये समान रूप से लाभप्रद है उसको मैंने अभी

[स्वामी रामानन्द शास्त्री]

आपकी सेवा में उपस्थित किया लेकिन अभाग्यवश बीच में कुछ संकुचित विचार वालों ने इस का पालन नहीं किया और न तो खुद ही उस वेदवाणी को पढ़ा और न दूसरों को पढ़ाया और देश संस्कृत की वेदवाणी से वंचित रहा ।

इसके अतिरिक्त अथर्ववेद का वह मंत्र भी मैं आपको यहां पर सुनाना चाहता हूं जो मुझे पहले याद नहीं आ रहा था और वह इस प्रकार है :

समानि प्रपा सहवो अन्नं भागः
समाने योक्त्रे सहवो प्रनज्मि
सम्यञ्चमाससपर्पन्त रथनाभावरा इव ॥
अथर्ववेद का यह मन्त्र है ॥

उसका तात्पर्य यह है कि तुम्हारे खाने का स्थान एक होना चाहिये, तुम साथ मिल कर खाओ और उसमें एकता की भावना है, गाड़ी के पहियों के समान मिल कर जिस प्रकार आरा एक दूसरे के साथ जुड़ा होकर गाड़ी को चलाता है उसी प्रकार प्रत्येक मनुष्य इस समाज की जो व्यवस्था है उसको चलाये । मैं इसके पक्ष में अनेकों प्रमाण पुराणों से भी दे सकता हूं लेकिन समय न होने के कारण मैं उनको यहां पर पेश नहीं करना चाहता । पुराणों में गंगा की महिमा के सम्बन्ध में क्या ही सुन्दर लिखा है :

गंगागंगेति यो ब्रूयात् योजनानां शतैरपि मुच्यते सर्व-पापेभ्यो विष्णु लोकं स; गच्छति ॥

भविष्य तथा पद्मप्ररण का १ लोक है ।

भावार्थ----

४०० मील से भी अगर कोई "गंगा" शब्द कहता है तब भी वह सीधे बैकुंठ में चला जाता है, फिर जो भाई गंगा में नहाते हैं और गंगा, गंगा कहते हैं और उसमें मुसलमान भी आ गये उन सभी को बैकुंठ चला जाना चाहिये, यदि हम पुराणों को मानते हैं । इस आधार पर तो यह बिल बहुत पहले आना चाहिये था और इसमें देरी नहीं होनी चाहिये थी लेकिन अगर सुबह का भूला शाम को घर वापिस आजाय तो भूला नहीं कहलाता, इस नाते मैं मंत्री महोदय को यह विधेयक लाने पर बधाई देता हूं ।

10 A.M.

अब मैं प्रस्तुत विषय पर कुछ आपको बतलाना चाहता हूं और वह एक छुआछूत की घटना है जिस पर स्वयं हमारे मिनिस्टर साहब भी लज्जित हैं और वह चीज कहे बिना नहीं रही जाती । घटना इस प्रकार है । सोलह जून को ईस्टर्न कोर्ट में मिकेनिक विभाग में कुल ५४ आदमी हैं जिनमें केवल एक हरिजन है जिसका नाम रामजीदास है और जो वहां पर चपरासी के लिये छू ली तो मारा व सुराही फोड़ी गई जब कि उस चपरासी ने स्टाफ की सुराही पानी पीने के लिये छू ली तो मारा व सुराही फोड़ी गई जब रामजीदास ने विभाग के हेड डी० डी० गुप्ता को रिपोर्ट दी तो फाड़ दी । उस केस पर जब हमारे मंत्री जी ने इनक्वायरी कराई और वह डी० डी० गुप्ता के सामने हुई तो उनके सामने जो ५४ के ५४ आदमी थे उन्होंने ढंग से रिपोर्ट नहीं दी । अगर गुप्ता जी से अलग रिपोर्ट ली जाये तो सही बात का पता चलेगा । लेकिन गुप्ता जी के सामने न लें । आज उस आदमी को जान से मारने की धमकी दी जा रही है, एक हिन्दू भाई ने आकर मुझे बतलाया कि उनको यहां से ट्रान्सफर किया जा रहा है, और उन पर चार्जशीट लगायी जा रही है । इसलिये मैं कहूंगा कि गवर्नमेंट की ओर से इस बात का प्रयत्न होना चाहिये कि भविष्य में वही गवर्नमेंट सर्विस में एंटर हो सके जो फार्म पर इस तरह की प्रतिज्ञा कर ले कि वह किसी तरह की छुआछूत नहीं बर्तेंगे, सर्विस कंडीशन्स के फार्म में इस तरह का एक खाना होना चाहिये । राजस्थान के बारे में मैं आपको बतलाऊं कि वहां पर होली, दीवली के दिनों में हरिजनों की औरतों को ले जाकर मोहल्लों में फिराते हैं और उनके साथ भद्दा मजाक करते हैं जो कि अनुचित है और इस प्रकार की अनुचित प्रथायें खत्म होनी चाहियें । दूसरी बात यह है कि यह जो कानून बन रहा है, ऐसा न हो कि बीच में दबाव पड़ने के कारण इसको नरम कर दिया जाये, उसका कड़ा रूप होना चाहिये और ऐसा न हो जैसा कि यहां पर शक जाहिर किया गया कि सरकारी अफसर बीच में रिश्वत खा कर अस्पृश्यता का अपराध करने

वर्गों को छोड़ दें। दूसरे जैसा श्री एस० एन० अग्रवाल ने कल कहा कि गांवों की सामाजिक परिस्थितियों ने हरिजनों को मजबूर कर दिया है कि वह स्वयं कहते हैं कि हमें कोई दिक्कत नहीं है। दूसरी घटना इस प्रकार है कि गुजरात में कलोल नामक स्थान में एक हरिजन भाई पंजाब का जो जूता गांठने वाला था वह एक होटल में चाय पीने के लिये गया, जब लोगों को मालूम हुआ कि यह हरिजन है तो उसको इतना मारा गया कि उसका हाथ टूट गया और उसका केस चल रहा है, अब वह बेचारा केस लड़ने के लिये रुपया कहां से लावे ?

इसी तरह की एक घटना का समाचार अभी अखबार में निकला है कि पटियाला में जाट भाइयों में यह बात ठहरी कि जो आदमी हरिजनों के यहां पानी पीयेगा उसको दो बोतल शराब पिलायेंगे। शराब के लालच में एक भाई ने हरिजनों के यहां पानी पी लिया। दूसरे दिन उन्होंने एकत्रित होकर हरिजनों को दंड दिया कि तुम लोग हरद्वार गंगा नहाने जाओ और २५ रुपये जुर्माना दो। मैं और भी कितने ही उदाहरण और घटनाएं पेश कर सकता हूं लेकिन समयाभाव के कारण ऐसा नहीं करना चाहता।

और अधिक न कह कर मैं इस बिल का हृदय से समर्थन करता हूं और मंत्री महोदय का अत्यन्त आभारी हूं कि उन्होंने ऐसा बिल संसद् के सामने रक्खा। मैं इस बिल का हृदय से समर्थन करते हुए निवेदन करना चाहता हूं कि इस को लोक प्रचार के लिये न भेजा जाये और इसको जल्द से जल्द पास करके लागू किया जाये। इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

सरदार ए० एस० सहगल (बिलासपुर) : अस्पृश्यता निवारण विधेयक जो मंत्री महोदय यहां पर लाये हैं और जो कि सेलेक्ट कमेटी को जाने वाला है, उसका मैं स्वागत करता हूं। इस बिल में सफा तीन क्लाज ६ में इस तरह से दर्ज है :

Prohibition against refusal to sell goods or render service to untouchables.—

> "No person shall refuse to sell any goods or refuse to render any service in the ordinary course of business to any untouchable on the ground only that he is an untouchable."

इसके साथ ही साथ यदि आप आब्जेक्ट्स एन्ड रीजन्स सफा ७ में देखेंगे तो उसके 'सी' क्लाज में इस तरह से पायेंगे :

> "(c) whoever takes any part in the ex-communication of, or imposition of any social disability on, any person who refuses to practise untouchability or does any act in furtherance of the objects of this new law will also be guilty of an offence."

यह जो दोनों बातें हैं इससे यह मसला हल नहीं होता। मैं मंत्री जी को बतलाना चाहता हूं कि मध्यप्रदेश में खास कर छत्तीसगढ़ के इलाके में हमारे हरिजन भाइयों के साथ में उन्हें धोबी और नाई देने के मसले पर सभापति जी मध्यप्रदेश की सरकार ने जो, दो बिल वहां पर पास किये हैं।

The Central Provinces and Berar Scheduled Castes (Removal of Civil Disabilities) Act, 1947.

और दूसरा कानून जो वहां की सरकार ने पास किया उसका नाम

The Central Provinces and Berar Temple Entry Authorisation Act, 1947 हैं इन दो बिलों के होते हुए भी जो बिल कि सन् १९४७ में पास कर दिये गये हैं, अगर आप हरिजनों की बस्ती में उनके साथ में जायें तो पायेंगे कि कोई धोबी उन का काम नहीं करता है। और अगर कोई धोबी उन का काम कर दे तो उस को जाति से बहिष्कृत कर दिया जाता है। इसी तरह से यदि कोई नाई गांव में रहता है तो हरिजनों का काम नहीं करता है और यदि लोगों के कहने से वह कार्य कर भी दिया तो उस को भी बहिष्कृत कर दिया जाता है। यहां

[सरदार ए० एस० सहगल]

तक कि उस के ऊपर बड़ बड़ दंड लगा कर बड़ से बड़ा दंड जात बहिष्कृत का लगा दिया जाता हैं और उस के पास जो सम्पति होती हैं, जो जमीन होती हैं उस को भी बेच देना पड़ता हैं और जात के बंधन में रहना पड़ता हैं। इस कार्य को दूर करके उन्हें नाई या धोबी मिलना निहायत आवश्यक हैं।

गृह-कार्य तथा राज्य मंत्री (डा० काटजू) : क्या नाई और धोबी को ?

सरदार ए० एस० सहगल : जी हां, नाई और धोबी को। जिस कान्स्टिट्एन्सी से मैं आता हूं वहां पर हरिजनों की करीब करीब चार लाख की तादाद हैं। मैं मंत्री महोदय से कहूंगा कि वह इन बातों पर गौर करें। यदि हम ने कानून बनाया तो अच्छा हैं, और मध्य प्रदेश की सरकार ने बनाया तब भी बहुत अच्छा हैं। लेकिन यदि इस कानून का हम ठीक ठीक से पालन नहीं करते हैं, इस को वहां पर कड़ाई से हम लागू नहीं करते हैं तो इस कानून के बनाने से क्या फायदा होगा ? इसलिये इन सारी बातों को देखते हुए मैं मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि यह जो कानून आप बनाने जा रहे हैं उसे अमली जामा पहनाइये, तो वह बहुत अच्छा होगा। लेकिन यदि यह विधेयक खाली दिखने के लिये तथा ताख पर रखने के लिये बनाया जाता हैं तो इस से तो कार्य चलने वाला नहीं हैं। यदि हम इन कठिनाइयों को दूर नहीं कर सकेंगे तो इस से क्या फायदा होगा ? मैं आज अपने सवर्ण हिन्दू भाइयों से भी कहता हूं कि आप उन को अपने यहां अगर काम पर नहीं लगावेंगे, अपने घर पर काम नहीं करने देंगे, तो उन का भला नहीं हो सकता हैं और जो अस्पृश्यता की भावना मन में बैठी हैं वह दूर न होगी। आप भले ही उन को जमीन जोतने के लिये लगा लें, लेकिन घर के जो दूसरे कार्य हैं उन से नहीं कराते हैं तो उन की स्थिति में कोई सुधार नहीं हो सकता हैं। यदि वही हमारे हरिजन भाई शहर में आ जाते हैं और वह किसी नाई की दूकान पर जाते हैं तो नाई उस के कार्य को कर देते हैं। लेकिन देहात में रहते हुए नहीं करेंगे। यदि हमारे हरिजन भाई शहर आ जाते हैं तो जो धोबी हैं वह भी उस का काम कर देंगा, लेकिन देहात में रहते हुए नहीं करेंगा। इस तरह की कारवाइयों को दूर करने के लिये विधेयक में साफ तौर पर दर्शाना था। मेरे कहने का अर्थ यह हैं कि इन बातों को देखते हुए इस में जो आप ने क्लाज रक्खा हैं उस में आप को स्पष्ट कर देना था, और आप का जो स्टेटमेन्ट आफ आब्जेक्ट्स एंड रीजन्स हैं उस में आप को हर बातों को स्पष्ट कर देना था। आप समझते हैं कि जब आप के रास्ते में दिक्कतें आयेंगी तो उस के बाद सब मसले इस से हल हो जायेंगे। लेकिन मैं ऐसा नहीं समझता। हां यह ठीक हैं कि आप बड़े योग्य वकील और एडवोकेट रह चुके हैं, लेकिन मेरी समझ में अब तक नहीं आया और मैं इन बातों तक अभी तक पहुंच नहीं सका हूं कि इस तरह से सब मसले इस विधेयक से कैसे हल हो जायेंगे।

इन शब्दों के साथ जो विधेयक आप ने पेश किया हैं मैं उस का समर्थन करता हूं।

श्री एन० ए० वारेकर (भंडारा—रक्षित—अनुसूचित जातियां) : सभापति जी, गृह-मंत्री जी ने बिल यह पेश किया हैं उस के लिये मैं सब को बधाई देता हूं और चाहता हूं कि अपनी राय आप के सामने रक्खूं। सब से पहले तो मैं यह कहना चाहता हूं कि जो हरिजनों का एनिमी नम्बर १ हैं वह यह हैं कि जो लोग अपने को धर्म के नाम पर जिन्दा रखना चाहते हैं। मैं ने देखा कि जब यहां इस बिल की चर्चा चली, तो एक ६० साल के माननीय सदस्य ने कहा कि मेरी यह इच्छा हैं कि मैं एक हरिजन लड़की के साथ विवाह करूं। हरिजनों का सवाल कोई मखौल करने का सवाल नहीं हैं, यदि कोई समझे कि यह मखौल का सवाल हैं तो मैं बता देना चाहता हूं कि आज हरिजनों में जागृति आ गई हैं, वह इस चीज को सहन

नहीं करेंगे । मखौल करने के दिन चले गये । हम तय कर चुके हैं कि हमारी जो आर्थिक तथा सामाजिक हालत है, जो विषमता है, उसे दूर करने के लिये हम कड़े से कड़ा कदम उठायेंगे । अब हम इस के लिये पूरी तरह से आमादा हो गये हैं । धर्म के नाम पर आज हमारे देश में बहुत सी बातें चल रही हैं । सभापति जी, आप को पता होगा कि हमारे देवघर में क्या हुआ । हमारे भारतवर्ष में आज कितने देवघर हैं वहां की बातें आज पेपर में नहीं आती हैं, वरना हम ने देखा है कि ऐसे कितने ही देवघर हैं जहां मानवता के अधिकार भी हरिजनों को नहीं मिलते । हम देखते हैं कि धर्म के ठेकेदार जो बने बैठे हैं वह हमेशा उस का अर्थ उल्टा लगाते हैं । एक और चीज यहां कही गई और मैं उस को दोहराता हूं, इसलिये कि हमारे माननीय सदस्य ने कहा था कि मैं अपनी पार्टी की ओर से और ब्राह्मणों की ओर से इस बिल का समर्थन करता हूं । मुझे ताज्जुब हुआ । मुझे एक किस्सा याद आता है और वह भी हिन्दू महा सभा का । उस के एक जिम्मेदार व्यक्ति थे, सभापति थे हमारे सूबे के । उन के मकान के बिकने का समय आया, मैं उन का नाम नहीं लेना चाहता । ऐसे भी १०० में से एक आध हरिजन निकल आते हैं जिन की आर्थिक स्थिति ठीक होती है । उस मकान का नीलाम हुआ, एक हरिजन ने उस की बोली बोली । लेकिन धर्म के नाम पर जिन्दा रहने वाले लोगों और मजहब के नाम पर जिन्दा रहने वाले लोगों ने सिर्फ इसलिये कि बोली बोलने वाला, पैसा लगाने वाला हरिजन था, उस का सौदा नहीं पटने दिया । और वह हमारा कार्यकर्ता आज भी मकान का कब्जा ले न सका । मैं इसलिये यह चीज कहना चाहता हूं कि आज हम धर्म के नाम पर जीते हैं । एक और किस्सा, पंद्रह रोज पहले हुआ, जो कि शुद्धि करण के सम्बन्ध में था । मैं ने देखा कि हरिजन ईसाई होता है, या धर्म परिवर्तन करता है, इसलिये नहीं कि वह धर्म परिवर्तन को पसन्द करते हैं, वह धर्म परिवर्तन करते हैं इसलिये कि वह मजदूर हो जाते हैं । जब उन को मानवता के अधिकार नहीं मिलते, या जो दूसरे अधिकार उन को चाहियें वह मिलने में कठनाई आती है । वे चले जाते हैं जहां पर उन को सुविधायें तथा अधिकार मिलते हैं । हमारे एक बड़े नेता कल बोल रहे थे, कि उन का इरादा यह था कि वह एक हरिजन को शुद्ध कर लें । मैं उन से कहना चाहता हूं कि यदि उन को शुद्धीकरण का कार्य करना हो तो पहले उन धर्म के ठेकेदारों को शुद्ध करें जो हमारे एम० एल० एज० और एम० पीज० को भगवान के दर्शन करने में रुकावट डालते हैं । उनमें से एक स्वामी करपात्री जी जो धर्म के ठेकेदार बने हुए हैं । पहले उन के दिल और दिमाग को दुरुस्त करने की जरूरत है । इस के लिये मैं ने उससे पहिले भी कहा था और आज भी कहना चाहता हूं कि यही लोग हमारे दुश्मन नम्बर १ हैं जो कि धर्म के नाम पर जिन्दा रहने वाले हैं और धर्म को जिन्दा रखने वाले कहलाते हैं । भीतरी बात यह है कि जो वह नारे बुलन्द करते हैं या जो अनेक बातें कहते हैं वह सुनने में बहुत अच्छी लगती हैं लेकिन उन का कोई भी कहना वह अमल में नहीं लाते ।

दूसरी चीज इस बिल के सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि पानी की समस्या जो है वह हमारे सामने बड़ी भारी समस्या है । आप को पता होगा हमारे प्रदेश में एक बालमगांव---सांवनेर तहसील में है । उस के नजदीक एक कुंआ है । वहां एक हरिजन पानी भरने गया तो उस को एक सवर्ण हिन्दू भाई ने डोर से बांध दिया और कुंएं में डाल दिया । उस गांव का कुंआ जनपद यानी डिस्ट्रिक्ट कौंसिल का है, हम ने उस को लिखा कि यह एक सार्वजनिक कुंआ है उस में यह घटना घटी है । लेकिन उस पर कोई एक्शन नहीं लिया गया । इसी तरह से उमरेड तहसील में भी एक किस्सा हुआ था । वहां पर दस हरिजन भाइयों को कुंएं में डाल दिया गया ।

श्री बी० जी० देशपांडे (गुना) : धर्म का ठेका लेने वाली कांग्रेस की गवर्नमेन्ट वहां है उस में यह सब हुआ है ।

श्री एम० ए० वीरकर : मैं इस चीज को आज इसलिये कह रहा हूं कि यह सब बातें आज आप

[श्री एन० ए० बोरकर]

के सामने रक्खी जा रही हैं और यह सब चीजें आज हमारे देहातों के अन्दर चल रही हैं और जो लोग धर्म के नाम पर जिन्दा रहना चाहते हैं उन का दिल और दिमाग इस तरह का है । वह अभी भी धर्म के ठेकेदार बने हुए हैं । मैं कई ऐसी मिसालें देना चाहता हूं । उमरेड तहसील की जो हालत है वह तो सामने मैंने रखी है । और इन कामों को करने वाले वही लोग हैं जिन्होंने इस बिल का समर्थन किया था और जो आज भी धर्म के नाम पर जिन्दा रहने वाले हैं और ऐसे कामों में रुकावट डालते हैं ।

श्री बी० जी० देशपांडे : अधर्म के नाम पर जिन्दा रहने वाले जो कांग्रेसजन हैं उन की हुकूमत वहां है.....

Mr. Chairman: Order, order. The hon. Member is making a speech. I am asking him not to object.

श्री एन० ए० बोरकर : दूसरी चीज.....

Shri Nand Lal Sharma (Sikar): On a point of order, Sir. The hon. speaker has just now mentioned the name of a gentleman, Swami Karpatriji, who is not present here to defend himself. Is it proper?

Mr. Chairman: He has said nothing disparaging. Taking the names of such persons well known all over the country is not objectionable at all.

Shri Nand Lal Sharma: But he is not pesent here.

Mr. Chairman: Every person cannot be present in this House.

श्री एन० ए० बोरकर : अध्यक्ष महोदय, नागपुर शहर में हरिजनों के लिए मकान की समस्या तो सबसे कड़ी समस्या है । जो माननीय सदस्य कल बोले थे उनके मकान के पास का मामला है । एक हरिजन अफसर थे । उनको एक मकान मिला धंतोली में । पहले उन धर्म के ठेकेदारों को यह पता नहीं था कि वह एक हरिजन हैं । इसलिए उनको किराये पर मकान दे दिया । दो महीने के बाद पता चला कि वह हरिजन हैं । श्रीमान् मैं आपको बतलाता हूं कि इस बात का पता होने पर माननीय सदस्य को उस मकान से निकाला गया । जो माननीय सदस्य परसों बोले थे यह उनके पास ही हुआ था । और जिस हालत से उनको निकाला गया वह मैं आपको नहीं बताना चाहता । एक ऐसा हरिजन जो कि पढ़ा लिखा है, जो सरविस में है, जिसका 'इकानमिक स्टेटस' बढ़ा हुआ है, अगर उसके साथ नागपुर शहर में, उस जगह के पास जहां पर कि धर्म के नाम पर जिन्दा रहने वाले रहते हैं, इस तरह का बरताव होता है, और वह धर्म के ठेकेदार उसमें कोई हस्तक्षेप नहीं करते, तो क्या इन लोगों से कोई आशा की जा सकती है ।

यह अस्पृश्यता निवारण का सवाल हमारे देश में सबसे बड़ा सवाल है और मैं चाहता हूं कि इसके लिए एक अलग हरिजन मिनिस्ट्री बनायी जाय । अगर आपको हिन्दू धर्म के इस कलंक को मिटाना है तो आपको इस काम को करने के लिए एक अलग मिनिस्ट्री बनानी होगी और उसमें आदमी रखने होंगे, जो कि इस काम में दिलचस्पी लेने वाले हों । जब तक इसमें कोई हृदय से देखने वाला आदमी नहीं होगा तब तक इस विधेयक का अमल में आना मुश्किल होगा । मैं कहता हूं कि हमें तमाम देश का दिल व दिमाग बदलना है । यह बहुत वर्ष का पुराना ढांचा है और इसको बदलने के लिए अगर अलग मिनिस्ट्री नहीं बनेगी तो मैं समझता हूं कि हमारा यह मसला हल नहीं होगा । यह न हो कि यह कानून केवल किताबों में पड़ रह जाये । हमारे संविधान ने अस्पृश्यता को हटा दिया है और भिन्न भिन्न राज्यों में इसके लिए कानून बने हुए हैं लेकिन फिर भी हमको मानवता के अधिकार नहीं मिल पाते । मैं समझता हूं कि जबतक हमारी मिनिस्ट्री अलग नहीं होगी तबतक यह सवाल हल नहीं होगा । यह कानून तो ठीक है पर यदि इसको सिर्फ कानून के रूप में ही नहीं रहना है तो मैं चाहूंगा कि इस पर अमल करने के लिए होम मिनिस्टर साहब एक अलग मिनिस्ट्री बनायें

की सांचें और उस मिनिस्ट्री को जल्द से जल्द कार्यान्वित किया जाये। यह हरिजनों का जो सवाल है यह हमारे देश में सबसे भारी सवाल है। आपने हरिजनों को यदि मानवता के अधिकार दिये तो मैं चाहता हूं कि इस देश के हरिजन इस देश की आर्थिक, सामाजिक और दूसरी विषमताओं को दूर करने में पूरा पूरा हिस्सा लेंगे। जैसा कि इतिहास बताता है कि वे अबतक लेते रहे हैं। अगर उनको यह अधिकार दिये गये तो वे हिन्दुस्तान का नक्शा बदलने में सबके साथ अपना कदम उठायेंगे।

Sardar Hukam Singh (Kapurthala-Bhatinda): This is a welcome measure, thoug I also join those who have complained that it has not come a day too early, rather it is belated. We adopted our Constitution about five years ago, and then we abolished untouchability and its practice in any form whatsoever was to be punished. But we have waited for five long years to lay down the specific offences that are to be punished and the procedure that is to be adopted in meeting this challenge. So the complaint that has been put here that it is belated and ought to have come much earlier is justified on that account. The Home Minister did say that there were measures passed by the different States who had taken upon themselves to meet this challenge; and they have been in force for some time. Certainly various States have passed such legislation and they have taken the steps that they could. But even then the Central measure ought to have come much earlier.

I want to say here with all the force at my command that it is no act of clemency that we are showing to the Harijans, it is no kindness to the Harijans that we are passing this legislation. Rather it should be in the spirit of atonement for our past sins that we should pass this legislation as early as possible. It would be the highest act of patriotism on our part when we root out this untouchability. Because, if we love our country, if we want to see our nation progress, if we want to see that we are welded into one homogeneous community, then it is all the more essential that we should root out this evil as early as possible. The strength of the chain, as is usually said, is the strength of the weakest link. Unless we strengthen that link, so that the whole chain becomes sufficiently strong and the nation can progress uniformly, we cannot rank among the front nations as we desire.

In his first report this is what the Commissioner for Scheduled Castes had to observe:

> "Formerly, somewhere in the South, the shadow of a Harijan used to pollute other people and, therefore, their entry in particular streets was prohibited."

But he said:

> "I have not come across any cases where roads or Government schools were forbidden for the Harijans."

This was the first report that he made. Certainly, if these were the facts then we can be proud that we have made some progress in that direction. And the Commissioner made a recommendation then, that is in 1951, that—

> "the most difficult barrier and hurdle for the Harijans to cross is that they should have access to shops, public restaurants, hotels and places of public entertainment and allowed the use of public wells, tanks, bathing ghats and other places of public resort."

I suppose it is in pursuance of that recommendation that this Bill has been brought. So far as those recommendations are concerned, I feel they would be sufficiently met by the legislation before us and that those hurdles that he complained of might be removed.

But when I see the Report of the Commissioner for Scheduled Castes for 1953 I am shocked to find that though

[Sardar Hukam Singh]

in 1951 he held that view, the instances that he quoted in 1953 go to contradict that. It is surprising that even now, that is during 1953, there were 232 cases of refusal to allow entry into shops, public restaurants, hotels and places of public entertainment, 50 cases of refusal to allow the use of wells, tanks and bathing ghats, 22 cases of refusal to allow entry into temples and other religious places, 9 cases of refusal to allow the use of ornaments, good clothes, etc., and eating of ghee, sweets, etc., 8 cases of refusal to allow the use of public conveyances like taxis, tongas, palkies, etc., and horse-riding, 4 cases of refusal to allow the use of public roads and resorts (even in 1953 it did happen that there was refusal to allow the use of public roads as well), and 37 other cases of a miscellaneous nature, in which ordinary rights could not be allowed to these unfortunate brethren of ours.

